एक नजर में

अपना घर बालिकाओं को दिया गया योग प्रशिक्षण- 21 जून विश्व योग दिवस का कराया अभ्यास

मन्दसौर। विद्यार्थियों को पूर्णरूपेण शारीरिक, मानसिक दृष्टि से स्वस्थ रहकर एकाग्र होकर बिना तनाव विद्याध्ययन करने भविष्य में जिस क्षेत्र में भी आगे बना चाहे अच्छी प्रकार प्रगति कर सके उसके लिये नियमित योगाभ्यास नितान्त आवश्यक है और इसी को ध्यान में रखते हुए आयुष विभाग द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में कराये जा रहे योग प्रशिक्षण के क्रम में 19 मई को सीतामऊ फाटक स्थित बालिका गृह अपना घर में आयुष विभाग जिलाधिकारी डॉ. बिन्दू ध्रुव के नेतृत्व में बालिकाओं को योग प्रशिक्षण दिया गया। पतंजलि संगठन जिला संरक्षक योग गुरू बंशीलाल टांक, योग प्रशिक्षक डॉ. जितेश जैन, आर.एम.ओ. डॉ. कैलाश मालवीय, डॉ. अजय परमार, डॉ. कमलेश धनोतिया, डॉ. प्रतिभा, डॉ. राजेन्द्र कनाते, सहायक डॉ. पुष्पेन्द्र सिसौदिया ने प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान किया।

विवेकवान व्यक्ति ईश्वर से सिर्फ भक्ति की कामना करता है : केशवानंद जी महाराज

मंदसौर। पुरूषोत्तम (अधिक) मास के अवसर पर केशव सत्संग भवन, खानपुरा में पुरूषोत्तम (अधिक) मास के शुभ अवसर पर पूज्य पाद केशवनानंद जी महाराज चिन्मय मशीन आकोला ने नारद भक्ति सूत्र पर आधारित दिव्य प्रवचनों का आयोजन प्रातः 8.30 बजे से 10 बजे तक हो रहा है। दिनांक 19 मई 2026, मंगलवार को नारद भक्ति सूत्र का वाचन करते हुए केशवनानंद जी महाराज चिन्मय मशीन आकोला ने बताया कि व्यक्ति ईश्वर के पास जाता है तरह - तरह की कामनाएं लेकर लेकिन विवेकवान व्यक्ति ईश्वर से सिर्फ भक्ति की कामना करता है। व्यक्ति ईश्वर से बाहर की चीजों की कामना रखता है जो सिर्फ सुखदाई दिखाई देती है असल मे वहीं दुखदाई होती है। इसलिए सच्चा भक्त भगवान से सिर्फ प्रेम करता है और प्रेम के माध्यम से भक्ति करता है। आपने बताया कि देवर्षि नारद कहते है कि भक्ति अमृत मय होती है, इससे जीवन आनंदमय हो जाता है। भगवान से प्रेम करता उनकी भक्ति करना हमारे लिये ही अच्छा है क्योंकि एक ईश्वर ही होता है जो हमारा कभी बुरा नहीं करता। कभी हमारे मन में यह आ जाता है कि हम भगवान की इतनी उपासना करते है, पूजा करते है, आराधना करते है फिर भी हमें भगवान की कृपा नहीं मिल रही है लेकिन ऐसा नहीं होता है भगवान की भक्ति कभी निष्फल नहीं जाती है। मन को सदैव भगवान की भक्ति में लगाओं मन चंचल होता है जो साधनों के प्रति आर्कषित होता है। हमें लगता है साधनों से हमारा सुख बढेगा लेकिन ऐसा नहीं होता है यह सिर्फ भौतिक सुख होता है जो कुछ क्षण भर का होता है, असली सुख सिर्फ भगवान की भक्ति से प्राप्त होता है, इसलिए मन को भगवान में लगाओं और आनंद की अनुभूति लो। जो व्यक्ति भगवान को जान लेता है वह स्वतः ही भगवान का भक्त बन जाता है और उसे भगवान से कुछ मांगने की आवश्यकता हीं नहीं प?ती। मन को स्थिर रख भगवान में लीन कर दो। केशव सत्संग भवन ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचंद्र सेठिया और कारूलाल सोनी ने बताया कि हर बार पुरूषोत्तम (अधिक) मास के दोरान संतो का आगमन होता है जिनके प्रवचनों का लाभ धमार्लुजन लेते है। इस बार पुरूषोत्तम (अधिक) मास के दौरान पूज्य पाद 1008 केशवनानंद जी महाराज अकोला के मुख से प्रतिदिन 17 मई रविवार से प्रातः 8.30 बजे से 10 बजे तक नारद भक्ति सूत्र दिव्य प्रवचनो का वाचन हो रहा है जिसमें नगर की धर्मप्रेमी जनता अधिक से अधिक संख्या में लाभ प्राप्त करें।

शिवना प्राकट्य स्थल पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री हेमंत मीणा

मंदसौर। राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री हेमंत मीणा रविवार को शिवना नदी के प्राकट्य स्थल ग्राम सेवना पहुंचे, जहां उन्होंने भागीरथ महादेव मंदिर में भगवान शिव का अभिषेक कर दर्शन किए। इस दौरान ग्रामवासियों एवं मंदिर समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा भी की।

जानकारी अनुसार टीम एवीएस द्वारा पिछले चार वर्षों से शिवना नदी के प्राकट्य स्थल ग्राम सेवना (राजस्थान) से पशुपतिनाथ मंदिर मंदसौर (मध्यप्रदेश) तक पैदल यात्रा निकाली जा रही है। इस जनजागरण अभियान के चलते गांव सेवना में शिवना नदी के संरक्षण एवं धार्मिक महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ी है। इसी के परिणामस्वरूप यहां पहली बार कावड़ यात्रा एवं शिव महापुराण कथा का आयोजन भी किया गया।

टीम एवीएस के संस्थापक मनीष भावसार ने बताया कि 10 मई से 16 मई तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया, जिसमें गंगा कुंड की खुदाई का कार्य भी प्रारंभ हुआ। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी ग्रामवासियों के साथ कैबिनेट मंत्री हेमंत मीणा से उनके निवास पर मुलाकात कर शिवना प्राकट्य स्थल पर निर्माण कार्यों की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था।

मंत्री हेमंत मीणा के सालमगढ़ प्रवास के दौरान ग्राम सेवना के सरपंच प्रतिनिधि एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष चुन्नीलाल मीणा के प्रयासों से उनका कार्यक्रम शिवना नदी के प्राकट्य स्थल पर तय हुआ। यहां मंत्री ने मंदिर समिति एवं ग्रामीणों से चर्चा के दौरान गंगा कुंड, गंगा घाट, मंदिर की बाउंड्री वॉल एवं सौंदर्यीकरण कार्य की मांग पर सहमति देते हुए तीनों कार्यों की स्वीकृति की घोषणा की।

कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री आशीष जैन, मंडल अध्यक्ष चुन्नीलाल मीणा, मंदिर समिति अध्यक्ष गोविंद मीणा, टीम एवीएस के संस्थापक मनीष भावसार, सुधांशु भावसार, सूरजमल मीणा, लक्ष्मण मीणा, श्रीमती कांता मीणा, आसाराम मीणा, जगदीश मीणा, नानूराम मीणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

गायत्री परिवार द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत हर्बल गार्डन में श्रमदान किया

मन्दसौर। गायत्री परिवार द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत लक्षकार समाज के भाईयों के साथ दो घण्टे हर्बल कार्ड में श्रमदान किया तथा वहां से पत्ते व पॉलीथिन, कागज, डिस्पोजल हटाये तथा पौधों को पानी पिलाने का कार्य किया गया।

लक्षकार समाज के कोषाध्यक्ष मांगीलाल लक्षकार, सेन समाज से राजेश परमार ने भी श्रमदान किया। मांगीलाल लक्षकार ने कहा कि सभी समाजजनों को श्रमदान से जु?ना चाहिये तभी हमारा शहर साफ रहेगा व बीमारिया नहीं होगी। हमारे पार्क के नदी, तालाब, बावड़ी, सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान चलाकर नगर गाव व शहर को साफ रखने की सभी व्यक्ति की जवाबदेही होती है। गायत्री परिवार के साथ नगरपालिका को भी सहयोग प्रदान करना चाहिये। इस अभियान में समाजजन, शासन प्रशासन, सामाजिक संस्था द्वार 2011 से नगर में अभियान समय-समय पर चलाया जा रहा है।

इस दौरान जैन कॉलेज के प्रोफेसर ने भी श्रमदान में भाग लिया। डाइट से अशोक कुमार धनोतिया ने भी अपना श्रम दिया। आपने कहा कि पे? पौधों को पानी पिलाना, पौधे की कटींग करना, भी एक प्रकृति के महत्वपूर्ण कार्य है। श्रमदान में भाग लेने वालों में अनिल कुमार आर्य, अशोक धनोतिया, गायत्री परिवार की बहन सुमित्रा, माया पटेल, निधी, दिव्या, योगेशसिंह, राजेश परमार, प्रमेन्द्र खिंची, हेमशंकर ललकार, लोकेश प्रखर दुबे, जितेन्द्रसिंह सोलंकी, रमेश सोनी, फिरोज हुसैन, जाफर मंसूरी, अब्दुल कादर मंसूरी एडवोकेट, बंशीलाल टांक सभी ने श्रमदान में भाग लिया।

21 मई को स्व. राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि ब्लॉक स्तर पर मनाई जाएगी

मंदसौर। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि 21 मई को जिले में समस्त ब्लॉक स्तरों पर श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी।

इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि सूचना क्रांति के जनक एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके देश एवं समाज के प्रति योगदान को स्मरण किया जाएगा।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने जिले के समस्त कांग्रेसजन, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से संबंधित ब्लॉक स्तर के कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

एक नजर | **माहेश्वरी महिला मण्डल के तत्वावधान में**

4 दिवसीय श्री गोदा रंगनाथ विवाह महोत्सव 21 मई से

मंदसौर। पवित्र पुरुषोत्तम मास के पुण्य अवसर पर माहेश्वरी महिला मंडल, मंदसौर के तत्वावधान में श्री गोदा रंगनाथ विवाह महोत्सव का आयोजन 21 से 24 मई तक रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन पर होंगा।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए माहेश्वरी महिला मण्डल की अध्यक्ष सोनल चौधरी (मंडोवरा), सचिव राखी परवाल व कोषाध्यक्ष शिखा चिचानी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि 4 दिवसीय महोत्सव धर्मप्रवर्तकाचार्य, प्रातः स्मरणीय श्रीमद् जगद्गुरु भगवद्रामानुज संप्रदायाचार्य कांची प्रतिवादी भयंकर मठ, सिंहासनाधीश्वर गादी स्वामीजी श्री श्री 1008 श्री श्रीनिवासाचार्य स्वामीजी महाराज एवं बालक स्वामीजी श्री श्री 1008 श्री अनंताचार्य स्वामीजी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। आयोजन समिति के अनुसार यह दिव्य उत्सव भगवान श्री लक्ष्मी वेंकटेश की कृपा एवं वैष्णव परंपरा की मंगल भावना के साथ आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के तहत 21 मई, गुरुवार को दोपहर 3 बजे मेहंदी उत्सव आयोजित होगा। जबकि 22 मई, शुक्रवार को सायं 5 बजे मूंगहाथ एवं पापड़-बड़ी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। 23 मई, शनिवार को प्रातः 7 बजे सहस्त्रधारा अभिषेक एवं पंचामृत पूजन के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसके पश्चात श्रृंगार, आरती, गोष्ठी प्रसाद वितरण, देवी पूजन, हल्दी एवं प्रणय लीला महोत्सव होंगा। शाम 6:30 बजे परिसर में ही श्रीवारी सवारी, संध्या आरती होंगी। तत्पश्चात सायंकाल 7:30 बजे से धाराप्रवाहक डॉ गोविन्द जी माहेश्वरी (एलन कोटा) की भजन संध्या तथा अन्नकूट (छप्पन भोग)दर्शन महोत्सव जैसे विविध आयोजन होंगे। इसी दिन भजन संध्या के पूर्व शिवांशी पत्रिका विमोचन एवं माहेश्वरी महिला मंडल शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

अंतिम दिन 24 मई, रविवार को प्रातः 7 बजे 108 कलश खिरान भोग उत्सव होंगा। इसके बाद सामूहिक तुलसी एवं कुमकुम अर्चना, श्री शंख चक्र वेदी रचना, मायरा, मंगल बधाई होंगी। शाम को 5 बजे नगर भ्रमण के साथ भगवान की भव्य बारात निकाली जाएगी। तदुपरांत तोरण व श्री गोदा रंगनाथ कल्याणोत्सव होंगा। शाम 7 बजे स्वामीजी की पधरावनी एवं मंगला शासन के बाद तथा रात्रि में तदियाराधन (स्नेहभोज) का आयोजन होगा।

नीमच

एक नजर में

शासकीय भूमि पर कथित कब्जे को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, जांच की मांग

नीमच। जिले की तहसील जीरन अंतर्गत ग्राम कोठड़ी इस्तमुरार में शासकीय भूमि पर कथित अवैध कब्जे और निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को आवेदन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मामला ग्राम के मुख्य चौराहे नई आबादी वार्ड क्रमांक-1, दलावदा रोड स्थित सर्वे नंबर 661(बी) की शासकीय भूमि से जुड़ा हुआ है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि गांव निवासी निर्भय सिंह राठौर द्वारा उक्त सरकारी भूमि पर रोडी एवं अन्य निर्माण सामग्री डालकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मंदिर की बाउंड्री के समीप भी निर्माण सामग्री रखी जा रही है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय भूमि पर हो रहे इस कथित अतिक्रमण का जब गांव के लोगों ने विरोध किया तो संबंधित पक्ष द्वारा गाली-गलौच और धमकी दी गई। इससे गांव में तनाव की स्थिति बन गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विरोध करने वालों को डराने-धमकाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में विवाद और बढ़ सकता है। यह आवेदन श्यामलाल सरगरा, शांतिलाल सरगरा, दीपक सरगरा, गोविंद सरगरा सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्टर को सौंपा गया।

निर्माणाधीन फोरलेन सड़क भाटखेड़ा डूंगलावदा के निर्माण में भारी अनियमियता

नीमच। एमपीआरडीसी द्वारा भाटखेड़ा फंटे से जावद चौराहे नीमच तक फोरलेन सड़क का जो निर्माण किया जा रहा है जिसमे घोर अनियमिता कर लापरवाही कर किया जा रहा है उस सम्बन्ध में जिला कलेक्टर ,मुख्यमंत्री प्रमुख सचिव से रोड के निर्माण की जांच कर वैशानिक कार्ववाही की जाये।

उक्त निर्माणाधीन सड़क मार्ग की अनिमतताओ के खिलाफ कई बार सड़क निर्माण में की जा रही अनियमतता से सम्बन्ध में विभिन्न माध्यमों से शिकायते की गई है लेकिन अभी तक किसी भी विभाग द्वारा उस पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई है जिससे निर्माण एजेंसी मनमाने तरीके से उक्त सड़क का मानक अनुसार निर्माण न कर आम जन को परेशानी में डाल रही है और जिसेक कारन प्रतिदिन उक्त सड़क निर्माण के दौरान सड़क दुर्घटनाये कारीत हो रही है -

उक्त सड़क निर्माण मे सड़क का निर्माण पूर्व से निर्मित मकानो दुकानों की सतह से ऊपर हो रहा है जिससे वर्षा काल में जल भराव की स्थिति निर्मित होंगी जिस प्रकार से इंदिरा नगर एवं फव्वारा चौक क्षेत्र में पूर्व में निर्मित सड़क से एएमपीआरडीसी की अदूरदर्शिता के चलते जल भराव होता है। सड़क निर्माण में पूर्व में बनी सड़क के सेंटर से दोनों और नयी सड़क का निर्माण होता है लेकिन उक्तनिर्माण के दौरान सेण्टर लाइन को छोड़कर पूंजीपतियों को लाभ पहुँचाने के लिए मनमाने तरीके से मानक का [पालन न कर सेंटर लाइन का उलंघन किया जा रहा है जिससे आम जन में आक्रोश व्याप्त है। सड़क के दोनों और जो नाली बनाई जा रही है उसकी स्लैब पर पर्याप्त स्टील का उपयोग नहीं हो रहा है जिसके कारन जगह जगह अभी से नाली की छत टूट रही है। सड़क के निर्माण के बाद दोनों और मुरम से साइड भरी जाना चाहिए चाइये लेकिन जंहा पर भी सड़क का निर्माण हुआ है वंहा वंहा पर कचरा युक्त मिटटी जो की सड़क की साइड से खोदी गई है उसी से साइड भरी जा रही है जो की डीपीआर का खुला उलंघन है। सड़क के निर्माण के दौरान बेस में बोल्डर भरे जाने चाहिए जिससे की सड़क मजबूर बने और उसमे बोल्डर के रूप में लगभग 40 एमएम से ऊपर की साइज का मजबूत स्टोन का प्रयोग होना चाहिए लेकिन उक्त सड़क के निर्माण में चुरी मिश्रित कच्चे पत्थर का उपयोग किया जा रहा है जो की डीपीआर का खुला उलंघन है। उक्त सड़क निर्माण के दौरान डूंगलावदा कानावटी नया न्यायालय परिसर जिला पंचायत कलेक्टरी परिसर के सामने के यहां सड़क को जमीन के लेवल से काफ़ी ऊंचा उठा दिया गया हे जिससे आबादी क्षेत्र मे पानी भरने की पूरी सम्भावना हे इस बारे मे ग्वालटोली के नागरिकों ने विधायक व जिला प्रशाशन को कई बार ज्ञापन दिया पर कुछ नहीं हुआ हे अभी तक किसी भी प्रकार से सड़क निर्माण के दौरान संकेतक नहीं लगाए जा रहे है जिससे प्रतिदिन सड़क दुर्घटनए हो रही है सा ही डूंगलवादा पुलिया के पास अपोर्च रोड पर कोइ सकेंतक नहीं और कुछ घटनाओ में तो राहगीर की मोत भी हो चुकी है जो की कनावटी डूंगलावदा के ग्रामीण देख व भुगत रहें हे -सड़क निर्माण के दौरान उक्त सड़क को जोड़ने वाली अन्य सडको की सतह का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है जिससे नीमच कॉलेज के पास पूर्व से निर्मित सिंगोली मार्ग की तरह चौराहे पर घरो में बनने वाली सलोप बनाकर सड़क मानक का उलंघन किया जा रहा है। सड़क निर्माण में बालू रेत गिट्टी सीमेंट का मानक अनुसार मिश्रण का उपयोग नहीं किया जा रहा है जिससे अभी से सड़क में माइनर तड़क आने लगी है वर्मा तोल कांटे के पास साइड की नाली का एक हिस्सा क्षति ग्रस्त हो गया हे जो को भविस्य में दरारों के रूप में परिवर्तिति होंगी जिस प्रकार से नीमच मनासा मार्ग पर हो चुका है। सड़क निर्माण में मानक अनुसार दोनों साइड में स्लोप का ध्यान नहीं दिया जा रहा है.. - सड़क निर्माण में सड़क खोदने से पूर्व कंही पर भी सर्विस रोड का समतलीकरण कर मुरमीकरण नहीं किया जा रहा है जो की डीपीआर का खुला उलंघन होने के साथ ही दुर्घटनाओ को आमंत्रित कर रहा है। उक्त सड़क का निर्माण जनता के टैक्स के पेसो से हो रहा है न की एमपीआरडीसी एवं ठेकेदार के पेसो से। उसके बाद भी मनमाने तरीके से डीपीआर का खुला उलंघन कर मानक अनुसार सड़क का निर्माण न करना खुले आम जनता के टेक्स के पेसो का दुरुपयोग है जो की जाँच का विषय है। इस सड़क के गलत मापदंड के निर्माण के बारे मे आम आदमी पार्टी के इंजीनियर नविन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री जिलाधीश द्वश्वह्स्त्रष के उच्च अधिकारियो को पत्र लिखकर प्रमाण के साथ शिकायत की पर की सार्थक कारवाही नहीं हुई हे इस सड़क के निर्माण के बारे मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के राहुल बर्डे से बात करने हेतू उनके दूरभाष नंबर 9630779776 पर किया उन्होने कोइ जवाब नहीं दिया।

इनका कहना है

सड़क का निर्माण मध्यप्रदेश सड़क विकास दुवारा प्रदत ड्राइंग के अनुसार ही हो रहा हे कही कही रोड की ऊचाई को लेकर नागरिकों को आपत्ति हे वहाँ ड्रीनेज सिस्टम से पानी निकलने का प्रबंध किया हे सेंटर लाइन से दोनों तरफ बारह बारह मीटर ही चौड़ाई लीं हे किसी के साथ कोइ भेदभाव नहीं हुआ हे अपोर्च रोड के यहां कही कोइ कमी या सकेंतक नहीं होंगे वह लगाएंगे अभी जहाँ कही भि सड़क का कार्य कनावटी तरफ जो रुका हुआ हे वह आसपास के मकान दुकान को तोड़ने की प्रशाशनिक लिखित अनुमति के बाद ही आगे बढ़ेगा हम जल्दी मार्च 2027 तक पूरा रोड बनाने का प्रयास करंगे।

- ओमप्रकाश पालीवाल मैनेजर कंस्ट्रक्शन कंपनी के के गुप्ता कंस्ट्रक्शन उदयपुर

नीमच में नाबालिग लापता, कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

नीमच। जिले के सरवानिया महाराज चौकी इलाके से एक नाबालिग लड़की के लापता होने के बाद से लोग काफी गुस्से में हैं। इस मामले ने अब तूल पकड़ लिया है और हिंदू संगठनों से लेकर परिवार वालों तक, सब सड़कों पर उतर आए हैं। पुलिस को ज्ञापन सौंपकर साफ कहा गया है कि लड़की को जल्द से जल्द ढूंढा जाए और जो भी इसमें शामिल है, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा न जाए। परिजन और सर्व हिंदू समाज का सीधा आरोप है कि लड़की को बहला-फुसलाकर अगवा किया गया है। उन्होंने इसे 'लव जिहाद' से जोड़ते हुए अरमान मंसूरी नाम के एक युवक पर शक जताया है और उसकी तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। परिवार का कहना है कि उनकी बेटी को गायब हुए समय बीतता जा रहा है, लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है।

गिरोह पर नकेल कसना है जरूरी-ज्ञापन में एक बड़ी चिंता यह भी जताई गई है कि इलाके में 8 से 10 लोगों का एक पूरा गिरोह एक्टिव है। लोगों का कहना है कि यह गिरोह योजनाबद्ध तरीके से ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहा है। समाज के लोगों ने मांग की है कि सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि इस पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जाना चाहिए ताकि फिर किसी और की बेटी के साथ ऐसा न हो।

इंसाफ में देरी पड़ेगी भारी

एसपी राजेश व्यास को मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में निष्पक्ष जांच की अपील की गई है। समाजजनों का कहना है कि पुलिस को बिना किसी दबाव के और सबूतों के आधार पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में तनाव है और लोग इस उम्मीद में हैं कि प्रशासन जल्द से जल्द कोई ठोस नतीजा देगा।

एक नजर | **गंभीर बीमारी के इलाज से उजड़े आशियाना तक, रेडक्रास से मिली त्वरित आर्थिक मदद**

'संवेदना से समाधान तक', जनसुनवाई में कलेक्टर ने 120 आवेदकों की समस्याएं सुनीं

नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई कर 120 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित जिला अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर श्री बी.एस.कलेश सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई के प्रमुख प्रकरण एवं त्वरित निर्देशः स्वास्थ्य सहायताः कलेक्टर ने बघाना निवासी अजय ग्वाला के पुत्र की गंभीर बीमारी के उपचार हेतु रेडक्रास से आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। निलिया निवासी शैतान भील के पति के उपचार हेतु रेडक्रास से आर्थिक सहायता एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निःशुल्क उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सिंगोली की जरूरतमंद साजन की झोपड़ी जल जाने पर रेडक्रास से 12 हजार रुपये की तात्कालिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

भूमि विवाद का निराकरणः वसंतपुरा, रामपुरा की दिव्यांग रोड़ीबाई की मालिकाना हक की जमीन पर परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा विक्रय एवं क्रेता द्वारा जबरन कब्जा करने संबंधी आवेदन पर एसडीएम व तहसीलदार को त्वरित कार्यवाही कर रोड़ीबाई को उसके हिस्से की जमीन का मौके पर कब्जा दिलाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में मनासा के लखनसिंह, भादवामाता के पप्पूलाल, जमुनिया कलां के ललित कुमार, चम्पी के भोलीराम कुमावत, रगसपुरिया के दिनेश कुमार, निपानिया आबाद की शबूबाई, नयागांव के सत्तु धाकड़, राजु धाकड़, सारेल्या की मायाकुंवर, पिपलन्यावास के नाहरसिंह, जसवंतपुरा के हीरालाल, डायली के अर्जुन खींची, पावटी के शिवलाल धनगर, नीमच की गंगाबाई, सरवानिया महाराज के भेरूलाल, पिपलिया नाथावत के चमनसिंह, पिपलिया की कंकूबाई, गांधी नगर नीमच के अनुराग जोशी, नीमच सिटी के प्रेमचंद, बघाना की शकुंतलाबाई सहित अन्य आवेदकों ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।